प्रेषक,

मोहम्मद रफी,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश (ई०सी०एक्ट),
रामपुर।

सेवा में,

श्रीमान महा निबन्धक
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वाराः- माननीय जनपद न्यायाधीश,
रामपुर।

विषयः- वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि वर्ष 2020-2021 के उन्नयन (अपग्रेडेशन) के सम्बन्ध में।

महोदय,

ससम्मान निवेदन करना है कि प्रार्थी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश(ई०सी०एक्ट),रामपुर के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी को दिनांक 01-04-2020 से दिनांक 31-03-2021 के कार्यों के सम्बन्ध में वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि सम्बन्धी जानकारी माननीय उच्च न्यायालय की बेवसाइड ई-सर्विसेस के माध्यम से प्राप्त हुई है।

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,कानपुर नगर द्वारा प्रार्थी की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के सम्बन्ध में अंकित किये गये तथ्यों के संबंध में प्रार्थी निम्नलिखित याचना करता है-

1- यह कि वर्ष 2020-21 की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि में सम्मानित जनपद न्यायाधीश,कानुपर नगर द्वारा सभी कालमों में Good अंकित करते हुये ओवर आल असिसमेन्ट में भी प्रार्थी को गुड एन्ट्री दी है।

2- सम्मानित जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा प्रार्थी की सत्यनिष्ठा संदेह से परे अंकित करते हुये रिमार्क कालम 01 (E)(iii) में यह अंकित किया है कि प्रार्थी ने एक सत्र परीक्षण वाद वर्ष 2009,तीन सत्र परीक्षण वाद वर्ष 2010,एक सत्र परीक्षण वाद वर्ष 2012,एक सत्र परीक्षण वाद वर्ष 2013,एक सत्र परीक्षण वाद वर्ष 2014,दो सत्र परीक्षण वाद वर्ष 2015,एक सत्र परीक्षण वाद वर्ष 2016,दो क्रिमिनल अपील वाद वर्ष 2013,एक क्रिमिनल रिवीजन वाद वर्ष 2015,एक सिविल अपील वर्ष 2014,एक सिविल रिवीजन वाद वर्ष 2011 निर्णीत किया गया है।

3- प्रार्थी द्वारा 05(पाँच) वर्ष से प्राचीन 11 वादों का तथा 10(दस)वर्ष से प्राचीन 04 वादों का निस्तारण किया गया है तथा गुणदोष पर कुल 37 वादों का निस्तारण किया गया है।

शेष 2 पर..

4- यह कि माननीय उच्च न्यायालय के आदेश से 02 जनवरी 2021 से न्यायालय में वादों की सुनवाई सुचारू रूप से प्रारम्भ हुई। इसके पहले कोविड-19 महामारी के कारण न्यायालय में सुचारू रूप से वादों की सुनवाई नहीं हो पा रही थी। विपरीत परिस्थितियों में भी प्रार्थी द्वारा अंतिम त्रैमास जनवरी 2021 से मार्च 2021 के मध्य आवश्यक 300 यूनिट के स्थान पर 391.07 यूनिट का कार्य किया गया है।

5- प्रार्थी जनपद स्तर पर गठित वित्तीय समिति का सदस्य भी रहा है और पूरी निष्ठा व लगन से कानपुर नगर सेशन खण्ड के तृतीय व चतुर्थ कर्मचारियों के वित्तीय मामलों को भी पूरी कुशलता से कार्य करके निपटाया है।

6- प्रार्थी कानपुर नगर के लिये गठित की गयी कोविड -19 प्रसार एवं रोकथाम समिति का सदस्य भी रहा है और कोविड -19 महामारी की रोकथाम हेतु कचहरी कैम्पस में क्रियाशील होकर सुरक्षित कार्य किया है।

7- यह कि प्रार्थी द्वारा पूरी निष्ठा व लगन से कोविड -19 महामारी के उपरान्त न्यायालय खुलने पर विपरीत परिस्थितियाँ होने के बावजूद अत्यन्त रूचि लेकर अंतिम त्रैमास जनवरी 2021 से मार्च 2021 में अधिकतम प्राचीनतम वादों का निस्तारण किया गया है।

8- यद्यपि सम्मानित जनपद न्यायाधीश महोदय ने प्रार्थी की एन्ट्री के सभी कालमों में गुड लिखा है। प्रार्थी को उक्त एन्ट्री से यद्यपि संतोष है ,परन्तु प्रार्थी माननीय न्यायालय से विनम्र निवेदन करता है कि यदि प्रार्थी के कार्य और वादों के निस्तारण आदि को दृष्टिगत रखते हुये गुड एन्ट्री को उन्नयन किया जा सके तो प्रार्थी का मनोबल बढ़ेगा और भविष्य में अधिक समर्पण ,मेहनत व निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

अतः माननीय महोदय से प्रार्थना है कि प्रार्थी का प्रत्यावेदन माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष सहानुभूतिपूर्वक विचारार्थ रखने की महती कृपा करें। प्रार्थी माननीय महोदय का सदैव आभारी रहेगा।

सादर।

भवदीय

दिनांक:24-11-2021

(मोहम्मद रफी) 24/11/21

(I.D.No.U.P.6336)

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/

विशेष न्यायाधीश (ई०सी०एक्ट),

रामपुर।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, रामपुर।

पत्रांकः- 1021/E दिनांक: 24/11/2021

अग्रसारित

जनपद न्यायाधीश,

रामपुर।

24-11-21